कार्यशाला में दी यू-डायस की जानकारी

'दैनिक जागरण' दि० 7-11-12 चमोली 'उत्तराखण्ड'

- ◆ आसान और प्रमाणिक होंगी सूचनाएं
- ◆ प्रबंधन समिति से सत्यापित होंगे आंकड़े

जागरण प्रतिनिधि, गोपेश्वर: प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या, आर्थिक स्थिति समेत अन्य आंकड़ों को एकत्रित करने के लिए शिक्षा विभाग नया सॉफ्टवेयर यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम ऑफ एजुकेशन (यू-डायस) लागू करने जा रहा है। इस संबंध में शिक्षकों को जानकारी देने के लिए राइंका गोपेश्वर के सभागार में दो दिनों तक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सर्व शिक्षा व रमसा के सभी अधिकारियों के अलावा कर्मचारियों, समन्वयकों, खंड शिक्षा अधिकारियों, तकनीकी सहायकों को यू-डायस की जानकारी दी गयी। जिला परियोजना अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान एमएस रावत ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक एवं प्रशासनिक विश्वविद्यालय (न्यूपा) द्वारा यह सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 में सर्व शिक्षा अभियान की कार्ययोजना का आधार यू-डायस से प्राप्त डाटा ही होंगे। उन्होंने कहा कि यू डायस से प्राप्त सूचनाओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से सत्यापन कराकर सूचना राज्य परियोजना कार्यालय सर्व शिक्षा अभियान उत्तराखंड के माध्यम से भारत सरकार को दी जानी है। वर्ष 2012-13 में जनपद में कक्षा एक से 12 तक की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी प्रकार के विद्यालयों के आंकड़े संग्रह प्रपत्रों पर एकत्र किए जाने है। जिन्हें 28 नवंबर तक ब्लॉक संसाधन केन्द्र को उपलब्ध कराया जाना है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर के प्राचार्य एमएल प्रसाद ने कहा कि ठोस कार्ययोजना निर्माण का आधार प्रमाणिक व पुष्ट सूचनायें होती हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक सतीश चंद्र जोशी, चंडी प्रसाद नौटियाल, प्रदीप रंजन चमोली, डा.एनएस गड़िया, राहुल कुंवर, सुनील चौहान सहित कई अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

EDUCATION

"दैनिक जागरण" दिनांक 07-11-12

U-DISE NEWS

"राष्ट्रीय सहारा" दि० 7-11-2012

यू-डायस से प्राप्त डाटा होंगे कार्ययोजना का आधार

उत्तराखंड चमोली 'राष्ट्रीय सहारा' दि०7-11-12 चमोली

यू-डायस प्रशिक्षण में मौजूद प्रतिभागी।

गोपेश्वर (एसएनबी)। आगामी वित्तीय वर्ष में सर्वशिक्षा अभियान की कार्ययोजना निर्माण का आधार यू-डायस से प्राप्त डाटा ही होंगे। इसलिए यू-डायस प्रशिक्षण का लाभ भविष्य की कार्य योजना के लिए लिया जाना चाहिए।

राजकीय इंटर कालेज गोपेश्वर के सभागार में यू-डायस प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला परियोजना अधिकारी एमएस रावत ने कहा कि यू-डायस के अंतर्गत सूचना संग्रहण प्रपत्रों पर संकलित की जाने वाली सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। उनका कहना था कि किसी भी कार्ययोजना के निर्माण के लिए सूचनाएं प्रमाणिक एवं सही होनी आवश्यक है। इससे ही वास्तविक कार्ययोजना का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 में सर्वशिक्षा अभियान की कार्य योजना निर्माण का आधार यू-डायस से प्राप्त डाटा होंगे। इसलिए सभी समन्वयकों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को इस कार्य को बेहद सतर्कता और लग्न से पूर्ण करना होगा। इसके साथ ही यू-डायस से प्राप्त सूचनाओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से जन वाचन/सत्यापन करा कर पुष्ट सूचना राज्य परियोजना कार्यालय के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यू-डायस के अंतर्गत वर्ष 2012-13 में जनपद में कक्षा एक से 12 तक की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी प्रकार के विद्यालयों के आंकड़ा संग्रह प्रपत्रों पर सूचना एकत्र की जाएगी। इन्हें 28 नवम्बर तक ब्लाक संसाधन केंद्र तक उपलब्ध किया जाएगा।

संकुल स्तरीय सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण में यू-डायस प्रशिक्षण को सम्मिलित करने पर भी उन्होंने बल दिया। इस मौके पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गौचर के प्राचार्य एमएल प्रसाद ने अकादमिक प्रशासन एवं नियोजन के संबंध में पुष्ट सूचनाओं के संकलन के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एक ठोस कार्ययोजना निर्माण का आधार प्रमाणिक एवं पुष्ट सूचनाएं ही होती हैं।

इस मौके पर डा. एनएस गड़िया, सुभाष बड़थ्वाल, राहुल कुंवर, सुनील चौहान, आरसी आर्य, भरत सिंह बिष्ट, दिनेश जोशी, नंद किशोर पुरोहित, कुंदन सिंह ने कार्यशाला में सहयोग किया। संचालन प्रदीप रंजन चमोली ने किया। प्रशिक्षण में सर्वशिक्षा के जिला परियोजना कार्यालय एवं रमसा के सभी अधिकारियों, समन्वयकों, कार्मिकों, डायट व सीईओ कार्यालय के सांख्यिकी सहायक, एमडीएम [illegible] शिक्षा अधिकारियों, ब्लाक समन्वयकों, सह ब्लाक समन्वयकों, तकनीकी सहायकों, संदर्भ शिक्षकों, डाटा एंट्री आपरेटरों व संकुल समन्वयकों ने प्रतिभाग किया।

U - DISE NEWS

जनपद - चमोली (उत्तराखण्ड)

हिन्दुस्तान दिनांक 07-11-2012

'हिन्दुस्तान' दि० 7-11-2012

समय पर उपलब्ध कराए यू डायस प्रपत्र

(चमोली) उत्तराखण्ड

गोपेश्वर | हमारे संवाददाता

सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना अधिकारी एमएस रावत ने इंटर कॉलेज गोपेश्वर में आयोजित यू डायस की बैठक में अभियान से जुड़े अधिकारियों, समन्वयकों, कार्मिकों, प्राचार्यों तथा अभियान से जुड़े सभी शिक्षकों को बताया कि वर्ष 13-14 में सर्व शिक्षा अभियान की कार्ययोजना को सतर्कता और लगन के साथ पूरा करना होगा।

परियोजना अधिकारी ने यू डायस के अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक की शिक्षा प्रदान करने के लिए संग्रह प्रपत्रों की जानकारी दी। बताया कि 28 नवंबर तक सूचनाएं हर हाल में मिलनी चाहिये। बैठक में डायट के प्राचार्य एलएम प्रसाद ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिला समन्वयक सतीश चन्द्र जोशी, चंडी प्रसाद नौटियाल, प्रदीप रंजन चमोली, डा. एनएस गड़िया, सुभाष बड़थ्वाल आदि ने इस कार्यशाला में विशेष योगदान दिया।